गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

पंजीकृत कार्यालयः
गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम
नई दिल्ली-110066, इंडिया

Regd. Office:
GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE, R.K. PURAM
NEW DELHI-110066, INDIA

फोन/PHONE: +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX: +91 11 2618 2955
ई-मेल/Email: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024

दिनांक 05.12.2024

1. लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **स्क्रिप कोड : गेल-ईक्यू**	2. लिस्टिन्ग अनुपालन बी.एस.ई. लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

महोदय/महोदया,

कृपया " **माननीय सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने गेल की सीएसआर पहल के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाई। गेल द्वारा एआईआईएमएस, नई दिल्ली को उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया** " संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

धन्यवाद,
भवदीय,

महेश

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने गेल की सीएसआर पहल के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाई

गेल द्वारा एआईआईएमएस, नई दिल्ली को उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया

नई दिल्ली, 5 दिसंबर, 2024: नई दिल्ली की माननीय संसद सदस्य, सुश्री बांसुरी स्वराज ने आज गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर परियोजना के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा, गेल ने एआईआईएमएस, नई दिल्ली को एक उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस प्रदान किया।

गेल निदेशक (मानव संसाधन) श्री आयुष गुप्ता, एआईआईएमएस, के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास, एआईआईएमएस, के चिकित्सा अधीक्षक डॉ निरूपम मदान और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में माननीय सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाई गई।

एमएमयू गेल की एक प्रमुख निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजना आरोग्य *परियोजना का एक हिस्सा है*। इस परियोजना के तहत इस क्षेत्र के वंचित समुदायों के द्वार पर मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। एमएमयू में योग्य चिकित्सा टीम के माध्यम से इन समुदायों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं और दवाएं प्रदान की जाती हैं जो सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

जीपीएस द्वारा ट्रैक एमएमयू प्रति दिन लगभग 80 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। इनके अलावा, कम लागत वाले सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए जाते हैं और इन एमएमयू के माध्यम से बुनियादी नैदानिक जांच भी किए जाते हैं। ये एमएमयू जागरूकता, निदान, इलाज और रेफरल के एडीसीआर फार्मूले का पालन करते हैं। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए टीम द्वारा सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण (आईईसी) तथा व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण (बीसीसी) कार्यकलाप भी संपन्न किए जाते हैं।

एमएमयू की सेवाएं विशेष रूप से बुजुर्गों और द्विव्यांगजनों को सहयोग प्रदान करती हैं जो प्रायः अपने स्थान से सुदूर उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने में असमर्थ होते हैं। इससे इन परिवारों के औसत चिकित्सा व्यय में भी काफी कमी आती है।

इन नए फ्लैग्ड ऑफ एमएमयू के अलावा, गेल की सीएसआर *परियोजना 'आरोग्य'* के तहत वर्तमान में 12 राज्यों के 25 जिलों में 50 एमएमयू कार्यरत हैं।